RAF SECTOR

NEWS CLIP

05/11/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran, Bhagalpur (BR)

केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों ने की दिव्यांग मतदाता की मदद

संवाद सहयोगी, खगड़िया: मतदान को लेकर दिव्यांगों में भारी उत्साह दिखा। दिव्यांगों की मदद बूथों पर तैनात मतदान कर्मियों व केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों ने भी की। अलौली(सुरक्षित) विधानसभा के बेला सिमरी पंचायत भवन स्थित बूथ पर एक पैर से दिव्यांग 80 वर्षीय महादेव केसरी को केंद्रीय बल के इंस्पेक्टर दीपेंद्र तिवारी ने सहारा देकर बूथ तक पहुंचाया। जवान मतदाताओं से सरकार के प्रावधान के तहत वोट गिराने की अपील भी करते रहे। छत से भी निगरानी रखी जा रही थी।



दिव्यांग मतदाता की मदद करते पुलिस जवान • जागरण

Prabhat Khabar, Bhagalpur (BR)

सुरक्षा के साथ सहारा भी बने जवान : मंगलवार को मतदान के दौरान करीब 65 वर्षीय निःशक्त मतदाता परमानंद केसरी गिरने से बाल-बाल बच गए.जानकारी के मुताबिक बेला-सिमरी निवासी श्री केसरी पंचायत स्थित मध्य विधालय मतदान केंद्र संख्यां 212 पर मतदान करने पहुंचे थे.निःशक्त होने के कारण इन्हें कतार में लगने से छूट देते हुए सीधे मतदान के लिये पोलिंग पार्टी के पास भेज दिया गया. बताया जाता है कि रैम्प की जगह ये सीढ़ी होकर बरामदे पर चढ़ने लगे. सीढ़ी चढ़ने के दौरान ही इनका संतुलन बिगड़ने लगा.जिसके बाद पास में ही खड़े सीआरफीएफ के एक ऑफिसर ने इन्हें गिरने से बचा लिया. जिसके बाद सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ के उक्त पदाधिकारी ने निःशक्त मतदाता को न सिर्फ बरामदे पर पहुंचाया. बल्कि मतदान के बाद उन्हें सुरक्षित मतदान केंद्र परिसर से बाहर भी पहुंचाया.सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर तैनात सुरक्षा बल दोहरी भूमिका में नजर आए. मतदान केंद्रों पर अर्द्ध सैनिक बल के जबाव वोटरों को सहारा देते भी नजर आये.

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।